br>**Title:** Demanded to take stern action against the Superintendent of Post Office, Chhatarpur district, Madhya Pradesh for fake appointment of persons in the office.

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, जो सरकार इस देश में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के बड़े-बड़े खोखले दावे करती रही है, लेकिन उसके शीर्षस्थ स्तर से लेकर केन्द्रीय सरकार के विभागों के दैनंदिन कार्य संचालन तक में जिस तरह भ्रष्टाचार चरम सीमा पर व्याप्त है, उसकी ओर मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में डाक विभाग के एक डाक अधीक्षक, जो वहां पदस्थ हैं, पिछले चार वर्षों से भारतीय शिक्षा महाविद्यालय, खरगापुर के नाम की एक फर्जी संस्था, जो फर्जी अंकसूचियां जारी करती है, उन अंकसूचियों के आधार पर वे नियुक्तियां करते चले जा रहे हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please come to the point. What do you want from the Government?

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने, समाचार-पत्रों ने, स्थानीय नेताओं ने इस सम्बन्ध में लिखित शिकायतें की हैं। जो चीफ जनरल मैनेजर पोस्ट हैं, उनको भी सूचना दी गई, लेकिन मुझे नहीं मालूम कि आज तक उस मामले में चार वर्षों से शिकायत होते हुए भी कोई जांच क्यों नहीं की गई। हां, इतना जरूर हुआ कि चीफ जनरल मैनेजर ने इन नियुक्तियों के ऊपर प्रतिबंध लगा दिया। नियुक्तियों पर एक आदेश प्रतिबन्ध लगाने का जारी कर दिया, जो इस बात का संकेत है कि उसमें उन्होंने गड़बड़ी पाई। लेकिन ऐसा ब्लेटेंट उदाहरण दूसरा नहीं मिलेगा कि चीफ जनरल मैनेजर पोस्ट के नियुक्तियों पर प्रतिबनध के आदेश के बाद भी उसी डाक तार के अधीक्षक ने पुनः उसी आधार पर २५.१०.९९ को आवेदन आमंत्रित किये हैं और २५.१०.९९ तक उन्हीं आवेदनों को आमंत्रित करके ई.डी. कर्मचारियों की नियुक्तियां की जा रही हैं।

मेरा इस सरकार से अनुरोध है कि अगर वह वास्तव में भ्रष्टाचार को हटाने की बात करती है, केवल खोखली बात नहीं करती है और इस मामले में गम्भीर है, तो उसको इस सम्बन्ध में उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए और जांच कराने से पहले उस अधिकारी को तुरंत निलम्बित करना चाहिए।